an>

Title: Need to ensure adequate power supply in Taj Trapezium Zone in Agra, UP.

श्री बाबूलाल चौधरी (फतेहपुर सीकरी) : उपाध्यक्ष महोदय, फतेहपुर सीकरी का अधिकांश क्षेत्र ताज ट्रिपोजियम जोन (टीटीजैड) मेरे क्षेत्र के अंतर्गत आता है। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार टीटीजैड क्षेत्र के किसानों व आम जनता को 24 घंटे बिजली मुहैया कराई जाए, लेकिन माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों को ताक पर रखते हुए और उसकी अवहेलना करते हुए ताज ट्रिपोजयम जोन में केवल 4-5 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है, इसके चलते किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है जिससे फसलें सूख रही हैं और बिजली न मिलने की वजह से पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे किसान काफी निराश व हताश हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि देश के किसानों को खास तौर पर आगरा, फतेहपुर सीकरी के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए अपने अधिकारियों को ताज ट्रिपोजियम जोन के अंतर्गत 24 घंटे बिजली सप्लाई कराने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए ताकि देश प्रगति कर सके।